प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-प्रथम) का कार्यालय, मध्य प्रदेश

ऑडिट भवन, झाँसी रोड, ग्वालियर - **474002**

सं./प्रशा/हिंदीकक्ष/त्रै.बैठक/कार्यवृत्त/**25-26**/एस.टी.आर.- 43 दिनांकः19.05.2025

विषयः- राजभाषा कार्यान्वयन समिति की जनवरी से मार्च, **2025** की त्रैमासिक बैठक का कार्यवृत्त ।

प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-प्रथम) का कार्यालय, मध्य प्रदेश, ग्वालियर की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की जनवरी से मार्च, **2025** की अवधि की त्रैमासिक बैठक दिनांक **05.05.2025** को सायं 05:30 बजे आयोजित की गई । इस बैठक की अध्यक्षता श्री यशवंत कुमार, उप महालेखाकार महोदय द्वारा की गई | बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए अध्यक्ष, महोदय ने आगामी कार्यवाही के लिए सहायक निदेशक (राजभाषा), हिंदी कक्ष को निर्देशित किया | बैठक की कार्यवाही का संचालन श्री मनीष कुमार, सहायक निदेशक (राजभाषा) हिंदी कक्ष ने किया ।

इस अवसर पर उपस्थित समूह अधिकारी, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी एवं सहायक लेखापरीक्षा अधिकारियों का विवरण संलग्न परिशिष्ट में दिया गया है । बैठक का कार्यवृत्त निम्नानुसार है:-

**1.** पिछली तिमाही अक्टूबर से दिसम्बर, **2024** की बैठक के कार्यवृत्त का वाचन, उसकी पुष्टि तथा अनुवर्ती कार्यवाही की समीक्षा ।

अध्यक्ष, महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करते हुये सहायक निदेशक (राजभाषा) ने सर्वप्रथम पिछली तिमाही अक्टूबर से दिसम्बर, **2024** की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक के कार्यवृत्त का वाचन किया जिसकी सर्व सम्मति से पुष्टि की गई । उसके बाद कार्यालय के विभिन्न अनुभागों द्वारा कार्यवृत्त पर की गई अनुवर्ती कार्यवाही की समीक्षा की गई ।

**2.** वर्तमान तिमाही जनवरी से मार्च, **2025** के लिये अनुभागों से प्राप्त प्रगति प्रतिवेदनों की समीक्षा ।

जनवरी से मार्च, **2025** की तिमाही के दौरान कार्यालय के नियंत्रक-अनुभागों एवं प्रशासन समूह के समस्त अनुभागों से प्राप्त हिंदी - पत्राचार के प्रतिशत एवं राजभाषा कार्यान्वयन के अन्य बिन्दुओं के संबंध में अनुभाग संगत समीक्षा की गई, जिसका विवरण निम्नानुसार है-

**3.** भेजे गए पत्रों की स्थिति हिंदी में किया गया पत्राचार का प्रतिशत-

| क्र. | नियंत्रक अनुभाग का नाम | पूर्व तिमाही का प्रतिशत | वर्तमान तिमाही का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रशासन -11 | 100 | 100 |
| 2 | प्रशासन -12 | 100 | 100 |
| 3 | प्रशासन -13 | 100 | 100 |
| 4 | प्रशासन -14 | 100 | 100 |
| 5 | सामान्य अनुभाग | 100 | 100 |
| 6 | कार्यपालन शाखा | 100 | 100 |
| 7 | आई.एस. विंग | 100 | 100 |
| 8 | गोपनीय कक्ष | 96.78 | 85.37 |
| 9 | आंतरिक ले.प | 100 | 100 |
| 10 | हिंदी कक्ष | 100 | 100 |
| 11 | फास (विविध) | 100 | 100 |
| 12 | कल्याण शाखा | 100 | 100 |
| 13 | रिपोर्ट -1 | 97.78 | 96.74 |
| 14 | रिपोर्ट -2 | 100 | 92.59 |
| 15 | रिपोर्ट (पी.ए.सी) | 100 | 100 |
| 16 | विधि कक्ष | 100 | 100 |
| 17 | अनुदान लेखापरीक्षा | 100 | 100 |
| 18 | केंद्रीय समन्वय | 100 | 100 |
| 19 | ए.पी. डी. ए.सी | 100 | 100 |
| 20 | ए.एम.जी 1 (मु.) | 100 | 100 |
| 21 | ए.एम.जी 2 (मु.) | 100 | 100 |
| 22 | ए.एम.जी 3 (मु.) | 100 | 100 |
| 23 | ए.एम.जी 4 (मु.) | 95.08 | 84.10 |
| 24 | ए.एम.जी 5 (मु.) | 100 | 100 |

नोटः- गोपनीय कक्ष, रिपोर्ट-1, रिपोर्ट-2 एवं ए.एम.जी 4 (मु.) अधिकाधिक कार्य हिंदी में कर रहे हैं परन्तु निर्धारित लक्ष्य 100 प्रतिशत से कम पर कार्य कर रहे हैं ।

**पिछली तिमाही की तुलना में कमी का विवरण.**

| अनुभाग | पूर्व तिमाही का प्रतिशत | वर्तमान तिमाही का प्रतिशत | प्रतिशत कमी |
|---|---|---|---|
| गोपनीय कक्ष | 96.78 | 85.36 | 11.42 |
| रिपोर्ट-1 | 97.78 | 96.74 | 1.04 |
| रिपोर्ट-2 | 100 | 92.59 | 7.41 |
| ए.एम.जी 4 (मु.) | 95.08 | 84.10 | 10.98 |

**पिछली तिमाही की तुलना में वृद्धि का विवरण-**

| अनुभाग | पूर्व तिमाही का प्रतिशत | वर्तमान तिमाही का प्रतिशत | प्रतिशत वृद्धि |
|---|---|---|---|
| निरंक | | | |

**कार्यालय से भेजे गए कुल पत्रों का प्रतिशत-**

| हिंदी | अंग्रेजी | कुल | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 3101 | 49 | 3150 | 98.44 |

पूर्व तिमाही का प्रतिशत : 99.36
वर्तमान तिमाही का प्रतिशत : 98.44
इस तिमाही में कमी का प्रतिशत : 0.92

**4.** राजभाषा अधिनियम **1963** की धारा **3(3)** का अनुपालन -

इस तिमाही में धारा **3(3)** के अंतर्गत विभिन्न अनुभागों से कुल **329** कागजात जारी किए गए जो सामान्य अनुदेश प्रकृति के थे । इनमें से कोई भी कागजात केवल अंग्रेजी में जारी नहीं किया गया । अतः कार्यालय द्वारा धारा **3(3)** का पूर्णतः पालन किया गया ।

**5.** हिंदी में प्राप्त पत्रों की स्थिति (नियम **5** का अनुपालन) -

इस तिमाही में कुल **6437** पत्र हिंदी में प्राप्त हुए । इनमें से कुल **2991** पत्रों के उत्तर हिंदी में एवं **195** पत्र निराकरण के लिए शेष थे । बाकी बचे **3251** पत्र नस्ती किए गए । इस तरह नियम **5** का पूर्णतः पालन किया गया ।

**6.** फाइलों पर हिंदी में कार्य-

(क) तिमाही के दौरान लिखी गई कुल टिप्पणियों की संख्या - **4127**
(ख) हिंदी में लिखी गई टिप्पणियों की संख्या - **4079**
(ग) अंग्रेजी में लिखी गई टिप्पणियों की संख्या - **48**

**7.** उक्त तिमाही के दौरान दिनांक **26.03.2025** को एकदिवसीय हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें कार्यालय के कुल **14** सदस्यों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया |

अध्यक्ष महोदय का उद्बोधनः- अध्यक्ष महोदय ने निम्नलिखित निर्देश दिये:-

1. अध्यक्ष महोदय ने जिन अनुभागों ने हिंदी में शत प्रतिशत कार्य किया है उन्हें बधाई दी और जो अनुभाग हिंदी में निर्धारित लक्ष्य 100% प्राप्त नहीं कर सके, उन अनुभागों को निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया ।
2. समूह अधिकारीगण, शाखा अधिकारीगण एवं संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सार्थक प्रयास करें तथा अपने अधीन कार्यरत कर्मचारियों को भी लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्देशित करें ।
3. तिमाही प्रतिवेदन में टिप्पणियों की संख्या के साथ टिप्पणी लिखी जाने वाली नस्तियों की सूची संलग्न कर भेजने हेतु निर्देशित किया ।
4. अनुभागों को समाप्त तिमाही के अगले माह की 10 तारीख तक तिमाही प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से भेजने हेतु निर्देशित किया ।

बैठक के अंत में सहायक निदेशक (राजभाषा) ने सभी उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया। अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही सम्पन्न घोषित की गई ।

19/05/2025

सहायक निदेशक (राजभाषा)
हिंदी कक्ष

कार्यवृत्त - परिशिष्ट

उप महालेखाकार महोदय की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की **05.05.2025** को सम्पन्न बैठक में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची-

| क्र. | सर्व श्री/ सुश्री/ श्रीमती | पदनाम | विवरण |
|---|---|---|---|
| **1.** | यशवंत कुमार | उप महालेखाकार | ए.एम.जी.-**04** |
| **2.** | विजय सुगंधी | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.एम.जी.-**01** |
| **3.** | मनोज कुमार सिंह श्यौरान | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | आई.एस.विंग |
| **4.** | धनंजय कुमार | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | प्रशासन-**11, 12** |
| **5.** | संजीव कुमार झांजी | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | आ.ले.प./कल्याण शाखा |
| **6.** | राजेश एन. हथवलने | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | कार्यपालन शाखा |
| **7.** | मनोज कुमार | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.एम.जी.-**03** |
| **8.** | रश्मि मिश्रा | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.एम.जी.-**02** |
| **9.** | वी एन पांडेय | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.एम.जी.-**04** |
| **10** | प्रिन्सुल कुमार निरंजन | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | रिपोर्ट-01 |
| **11** | आनंद कुमार झा | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | रिपोर्ट-02 |
| **12** | प्रवीण कुमार श्रीवास्तव | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | विधि कक्ष |
| **13** | बबित कुमार | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | वाणिज्यकक्ष/ए.एम.जी.-**04** |
| **14** | रुपाली मालवीय | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.एम.जी.-**05** |
| **15** | मनीष कुमार | सहायक निदेशक (राजभाषा) | हिंदी कक्ष |
| **16** | निधि गौतम | कनिष्ठ हिंदी अनुवादक | हिंदी कक्ष |
| **17** | स्वेता रविदास | कनिष्ठ हिंदी अनुवादक | हिंदी कक्ष |

19/05/2025

सहायक निदेशक (राजभाषा)

हिंदी कक्ष